

## एक नजर में

### तीन दिन में गुजरात से दो अपहृत बालिकाएं दस्तयाब

**मंदसौर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान के तहत सुवासरा पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए दो अपहृत नाबालिग बालिकाओं को गुजरात के मोरवी से सकुशल दस्तयाब किया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ सुश्री हेमलता कुरील एवं एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुवासरा निरीक्षक राजेंद्र सिंह बघेल एवं टीम ने यह कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार 24 मई 2026 को ग्राम हंसपुरा निवासी सूचनाकर्ता ने अपनी 17 वर्षीय भतीजी एवं 15 वर्षीय भांजी के घर से लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर थाना सुवासरा में धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने साइबर सेल मंदसौर एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से दोनों बालिकाओं को मोरवी (गुजरात) से खोज निकाला तथा उन्हें सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक राजेंद्र सिंह बघेल, उपनिरीक्षक केरूसिंह रावत, प्रधान आरक्षक सुरेंद्र चौधरी, आरक्षक लालू गुर्जर एवं महिला आरक्षक रेखा आर्य की सराहनीय भूमिका रही।

### जीतो मंदसौर चैप्टर यूथ विंग की नई कार्यकारिणी घोषित

**मंदसौर।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) मंदसौर चैप्टर यूथ विंग की मैनेजिंग कमेटी की घोषणा की गई। नवगठित टीम में समाज के युवा एवं सक्रिय सदस्यों को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। नई कार्यकारिणी में समर गांधी को चेयरमैन, संयम जैन को चीफ सेक्रेटरी एवं संयम मेहता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं मेहुल जैन एवं संभव चोर?िया को वाइस चेयरमैन तथा युगल दोषी एवं आदित्य जैन को ज्वाइंट सेक्रेटरी का दायित्व सौंपा गया है। नवीन टीम को शुभकामना देते हुए जीतो चैप्टर चेयरमैन अंकित कीमती एवं सचिव सीए विकास भंडारी ने सदस्यों एवं सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि नई कार्यकारिणी समाज सेवा, व्यापारिक सहयोग एवं युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य करेगी।

### पिपलिया चौपाटी के पास अनियंत्रित कार रेलिंग से टकराई, दो युवक घायल

**पिपलियामण्डी।** महू-नीमच हाईवे पर पिपलिया चौपाटी के पास गुरुवार देर रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर एवं रेलिंग से टकरा गई। हादसे में कार सवार दो युवक घायल हो गए, जिन्हें 108 एम्बुलेंस की सहायता से मंदसौर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार हादसा रात करीब 11:30 बजे नीमच रोड स्थित चौपाटी क्षेत्र के पास हुआ। कार मंदसौर से नीमच की ओर जा रही थी। बताया जा रहा है कि वाहन शराब दुकान से आगे पहुंचा ही था कि अचानक चालक का नियंत्रण कार से हट गया और कार डिवाइडर से टकराते हुए रेलिंग में जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी कि रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई और कार घूमकर मंदसौर दिशा की ओर मुड़ गई। हादसे में प्रतापसिंह (24) पिता ईश्वरसिंह एवं कालूसिंह (23) पिता मदनसिंह निवासी टोकड़ा, सुवासरा घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घायलों ने सुवासरा जाने की बात कही थी। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई तथा सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। टोल प्लाजा पैरामेडिकल टीम के विशाल गिरीश भाटी, असिस्टेंट राहुल ब्रजवानी एवं पायलट मुकेश मालवीया ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को तत्काल मंदसौर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए वाहन रुके, बाद में टोल की क्रेन से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# कृष्ण लीला के साथ भागवत कथा का पारायण

**मंदसौर। हाटकेश्वर भवन में नीमा समाज द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का भव्य, दिव्य एवं ऐतिहासिक समापन श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कथा के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया तथा श्रीमद् भागवत कथा श्रवण कर स्वयं को धन्य महसूस किया।**



परम पूज्य भागवताचार्य पंडित विष्णु शर्मा महाराज ने अपने ओजस्वी और मधुर प्रवचनों के माध्यम से श्रीमद् भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए समाज को धर्म, संस्कार, सेवा, दान एवं सदाचार का संदेश प्रदान किया। कथा के अंतिम दिवस सुदामा चरित्र, श्रीकृष्ण लीला एवं पूर्णाहुति हवन का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें समाजजन, मातृशक्ति एवं युवा साथियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

इस पावन आयोजन की विशेषता यह रही कि संपूर्ण कथा आयोजन में नीमा समाज की मातृशक्ति एवं युवाओं ने तन-मन-धन से सहयोग प्रदान कर व्यवस्था को अत्यंत सफल एवं अनुकरणीय बनाया। हाटकेश्वर भवन में की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के कारण भीषण गर्मी में भी श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का अनुभव नहीं हुआ। आयोजन में नीमा समाज अध्यक्ष श्री निलेश डोशी, उपाध्यक्ष श्रीमती मनीषा नीमा एवं कथा समिति अध्यक्ष श्री संजय नीमा के नेतृत्व में समस्त पदाधिकारी, समिति सदस्य, मातृशक्ति एवं युवा साथियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन नीमच के वरिष्ठ समाजसेवी घनश्याम जी नीमा, राधेश्याम जी नीमा तथा नीमा समाज सीतामऊ के ऊर्जावान अध्यक्ष राजेन्द्र नीमा का उल्लेखनीय रहा। उनके सतत सहयोग एवं सहभागिता ने आयोजन को और अधिक भव्यता प्रदान की। कथा समापन अवसर पर भजन संध्या, गुरुजी विदाई एवं महाप्रसादी का आयोजन भी श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। सम्पूर्ण वातावरण जय श्रीकृष्ण के जयघोषों एवं भक्तिमय माहौल से गुंजायमान रहा। आयोजन समिति द्वारा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले सभी समाजजनों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

# गंगा दशहरा पर बावड़ियों में श्रमदान दीपदान-जल संरक्षण का संकल्प

**मंदसौर।** गंगा दशहरा के पावन पर्व पर शहर की प्राचीन बावड़ियों श्रद्धा, सेवा और जनभागीदारी का केंद्र बनीं। जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रमों में सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने बावड़ियों पर श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया तथा दीपदान एवं पूजा-अर्चना कर जल संरक्षण का संदेश दिया।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पिछले करीब 45 दिनों से कोर्ट परिसर स्थित ऐतिहासिक सात सहेली वाली बावड़ी पर लगातार श्रमदान किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य शहर की प्राचीन जल संरचनाओं को पुनर्जीवित कर उन्हें स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाना है। गंगा दशमी के अवसर पर नाग देवता वाली बावड़ी, बालाजी की बावड़ी और सात सहेली वाली बावड़ी पर श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर जल स्रोतों की पूजा-अर्चना की। इस दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा और लोगों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी के निर्देशन में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि बावड़ियां हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर हैं, जिन्हें बचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि हम सभी मिलकर प्रयास करें तो आने वाली पीढ़ियों के लिए जल स्रोतों को संरक्षित रखा जा सकता है। ब्लॉक समन्वयक अर्चना भट्ट, सामाजिक कार्यकर्ता विनय दुबेला, हरीश सालवी, अजीजुल्लाह खान, महेंद्र सिंह सिसोदिया, राजेश चौहान, प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था के दिनेश सोलंकी, नगर विकास प्रस्फुटन समिति के संतोष सालवी, रेखा बैरागी, मेंटर्स संदीप शर्मा, जन अभियान परिषद के दशरथ नायक, राजू प्रजापत, उषा सोलंकी, कविता चौहान सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## रोटरी वर्ष 2026-27 के लिए संचालक मंडल गठित

**मन्दसौर।** रोटरी क्लब मंदसौर के वर्ष 2026-27 संचालक मण्डल का गठन नॉमिनेशन समिति एवं आगामी अध्यक्ष रो. अनिल चौधरी द्वारा किया गया। नॉमिनेशन कमेटी के अध्यक्ष योग गुरू रो. सुरेन्द्र जैन ने बताया कि रो. सी.ए. दिनेश जैन क्लब ट्रेनर, रो. प्रवीण उकावत सीईओ, रो. सुधीर क्लब कन्वीनीयर, रो. दिनेश रांका क्लब एडमिन मनोनीत किये गये।

परामर्शदाता रो. प्रहलाद काबरा, रो. प्रमोद कीमती, रो. राकेश दोशी, रो. कमलेश कुमावत, रो. विमल पामेचा, रो. अशोक उकावत मनोनीत किये गये।

संचालक मंडल में योग गुरू सुरेन्द्र जैन, ए.जी. पवन पोरवाल, रो. राजेश सिंघवी, रो. भूपेन्द्र सोनी, रो. शरद गांधी, रो. संजय गोठी, रो. राधेश्याम झंवर, रो. विवेक जैन, रो. शैलेन्द्र भण्डारी, रो. पिंकेश चेलावत, रो. मनीष गर्ग, रो. विकास रावत, रो. प्रदीप श्रीवास्तव, रो. आदित्य सुराणा, रो. मनीष जैन (आर्ट पैलेस), रो. अमित छाब?ा, रो. रोहित छाबड़ा, रो. राजेश संचेती, रो. भानुप्रताप सिंह सिसोदिया, रो. प्रीतेश चावला, रो. मनोज भाचावत, रो. सूरज प्रकाश तोमर, रो. रक्षित चौधरी, रो. डॉ. ऋषि मेहता, रो. वैभव दुग्गड़, रो. सौरभ बाकलीवाल, रो. विपुल कीमती, रो. अरिहन्त भण्डारी, रो. अभय सोमानी, रो. प्रवीण गुप्ता, रो. राकेश गर्ग, रो. दिलीप गर्ग, रो. रमेश पारिख को मनोनीत किया गया।

बैठक में नॉमिनेशन कमेटी सदस्य रो. दिनेश राका, रो. प्रवीण उकावत, रो. सुधीर लो?ा, रो. शरद गांधी, रो. संजय गोठी, रो. पवन पोरवाल, रो. भूपेन्द्र सोनी, योग गुरु रो. सुरेन्द्र जैन तथा आगामी अध्यक्ष रो. अनिल चौधरी उपस्थित थे।

**एक नजर** — तपती गर्मी में गौवंश के लिए लायंस क्लब मंदसौर डायनेमिक की अनूठी पहल

# गौमाता को मिले पीने का पानी, रखवाईं सीमेंट टंकियां

**मंदसौर।** भीषण और तपती गर्मी के इस मौसम में जहां आम इंसान बेहाल है, वहीं मूक पशुओं के लिए पीने के पानी का संकट गहरा जाता है। इसी मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए लायंस क्लब मंदसौर डायनेमिक द्वारा एक अत्यंत सराहनीय सेवा कार्य की शुरुआत की गई है।



क्लब ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भटकने वाली गौ माता और अन्य मूक पशुओं की सुविधा के लिए सीमेंट की पानी की टंकियां रखवाकर जल सेवा का पुनीत संकल्प लिया है, ताकि इस तपती धूप में कोई भी बेसहारा जीव प्यासा न रहे। इस सेवा कार्य के शुभारंभ के अवसर पर क्लब की अध्यक्ष श्रीमती उषा चौधरी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि प्यासे जीवों की सेवा करना ही सच्ची मानवता है। हमारी भारतीय संस्कृति और संस्कारों में गौ सेवा को सर्वोपरि स्थान दिया गया है और इससे ब?ा दुनिया में कोई दूसरा पुण्य का कार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में बेसहारा गौ माता पानी के लिए इधर-उधर न भटके, इसी संवेदनशील प्रयास के तहत क्लब द्वारा यह छोटी सी कोशिश की गई है। हमारा निरंतर यही प्रयास रहेगा कि इस तपती गर्मी में किसी भी गौ माता को परेशान न होना पड़े। इस मानवीय सेवा कार्य को धरातल पर उतारने और टंकियों में पानी की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करने में क्लब की पूरी टीम ने सक्रिय योगदान दिया। लायंस क्लब मंदसौर डायनेमिक की अध्यक्ष उषा चौधरी के साथ चित्रा मंडलोई, सचिव सीमा धनोतिया, कोषाध्यक्ष नीता सोलंकी, सुमित्रा चौधरी एवं रीटा पारिख उपस्थित रहीं।

## नीमच

## एक नजर में

### चार दिन इलाज के बाद युवक ने तोड़ा दम, उचेड़ गांव में खाया था जहर

**नीमच।** जिले के ग्राम उचेड़ में चार दिन पहले जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक की शुक्रवार सुबह मौत हो गई। युवक ने अस्पताल में चार दिनों तक चले इलाज के दौरान दम तोड़ा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, उचेड़ निवासी मदनलाल (28) पिता गंगाराम बंजारा ने मंगलवार को अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया था। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को घटना का पता चला। वे उसे तुरंत मनासा सरकारी अस्पताला ले गए। मनासा अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बावजूद युवक की हालत में सुधार नहीं हुआ। स्थिति गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे नीमच जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जिला अस्पताल में पिछले चार दिनों से युवक का इलाज चल रहा था, लेकिन उसकी हालत बिगड़ती गई। शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल पुलिस चौकी ने मौत की सूचना पर मर्ग दर्ज किया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। युवक ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। मनासा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान और विस्तृत जांच के बाद ही जहर खाने के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### जिला पोषण समिति बैठक में कलेक्टर ने की महिला एवं बाल कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा



**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित हुई। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या ने पीपीटी के माध्यम से प्रगति प्रस्तुत की। नीमच की उपलब्धियां: कलेक्टर श्री चंद्रा ने एफआरएस व आंगनवाड़ी संचालन में न्यूनतम 21 दिवस, अति गंभीर कुपोषित बच्चों के श्रेणी सुधार में प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहने पर टीम को बधाई दी। साथ ही आभा आईडी में प्रदेश में तीसरा, अपार आईडी में चौथा, गर्म पका भोजन वितरण में पांचवां, टेक होम राशन वितरण में दूसरा तथा शाला पूर्व शिक्षा में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर सराहना की। संभाग में जिला सभी मानकों पर प्रथम रहा। 15 जून 2026 तक एफआरएस, आभा आईडी, अपार आईडी का शेष कार्य पूर्ण करें। कोई भी बच्चा वजन से वंचित न रहे। सभी आंगनवाड़ियों में पोषण वाटिका तैयार करें व नियमित संचालन सुनिश्चित करें। सैम, मैम व अतिकम वजन के बच्चों का नामवार चिन्हांकन कर हॉट स्पॉट केंद्रों पर माह में एक बार स्वास्थ्य कैंप लगाएं। एडॉप्ट एन आंगनवाड़ी के तहत समुदाय के सहयोग से कुपोषण दूर करें। एनआरसी में बच्चों की नियमित भर्ती हो। सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों में सुविधाओं का विस्तार करें। लापरवाह कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई करें। गर्म पके भोजन व टेक होम राशन की नियमित निगरानी हो। वितरण न करने वाले समूहों पर कार्रवाई हो। बैठक में सीएमएचओ डॉ. दिनेश प्रसाद, सहायक संचालक श्री वैभव बैरागी, समस्त बीएमओ, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं ब्लॉक समन्वयक उपस्थित थे।

# राजस्थान में पेट्रोल पंप हड़ताल का ऐलान सीमावर्ती नीमच में ईंधन संकट की आशंका

**नीमच। मध्यप्रदेश के नीमच जिले की सीमा से सटे राजस्थान में पेट्रोल पंप संचालकों ने 1 जून को राज्यव्यापी हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। इस फैसले के बाद सीमावर्ती क्षेत्रों में भी ईंधन आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ गई है। नीमच जिले के बड़ी संख्या में लोग पहले से ही रेट अंतर के चलते राजस्थान से पेट्रोल-डीजल भरवाने जाते हैं, ऐसे में हड़ताल का सीधा असर स्थानीय उपभोक्ताओं पर पड़ सकता है।**

पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन का कहना है कि बढ़ती लागत, तेल कंपनियों की नीतियों और पड़ोसी राज्यों की तुलना में अधिक वैट के कारण पेट्रोल पंप संचालकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार और तेल कंपनियों द्वारा जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो पूरे प्रदेश में पेट्रोल पंप बंद रखकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### रोजमर्रा की गतिविधियां होंगी प्रभावित

एसोसिएशन के अनुसार हड़ताल के दिन विभिन्न जिलों में धरना-प्रदर्शन भी आयोजित किए जाएंगे। इस निर्णय के बाद आम जनता की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि पेट्रोल पंप बंद रहने की स्थिति में परिवहन व्यवस्था और रोजमर्रा की गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं।

### उपभोक्ताओं में लगातार बढ़ रहा असंतोष

डीलर्स ने यह भी आरोप लगाया है कि तेल कंपनियों द्वारा सप्लाई व्यवस्था में अनियमितता बरती जा रही है, जिसके कारण कई पंपों पर पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध नहीं हो पा रहा। इससे कई स्थानों पर लंबी कतारें लगने की स्थिति बन रही है और उपभोक्ताओं में असंतोष भी बढ़ रहा है।

### छोटे पंप संचालक आर्थिक संकट में

पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि उनका परिचालन खर्च लगातार बढ़ रहा है, जिसमें बिजली बिल, कर्मचारियों का वेतन, सुरक्षा व्यवस्था और मशीनों के रखरखाव जैसे खर्च शामिल हैं, लेकिन कमीशन में कोई राहत नहीं दी जा रही है। इससे कई छोटे पंप संचालक आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

### एसोसिएशन ने राज्य सरकार को दिया चार दिन का अल्टीमेटम

एसोसिएशन ने राज्य सरकार को चार दिन का अल्टीमेटम देते हुए मुख्यमंत्री और संबंधित मंत्रियों को पत्र भेजकर तत्काल समाधान की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो 1 जून से प्रदेशभर में पेट्रोल पंप बंद रहेंगे और आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

**सीमावर्ती राज्य एमपी तक दिखेगा हड़ताल का असर :** यदि हड़ताल होती है तो इसका सबसे अधिक प्रभाव आम नागरिकों, किसानों, ट्रांसपोर्ट सेक्टर और बाजार व्यवस्था पर पड़ने की संभावना है। ईंधन आपूर्ति बाधित होने से बसों, ट्रकों और निजी वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो सकती है। अब सभी की नजर राज्य सरकार और तेल कंपनियों के अगले कदम पर टिकी हुई है कि क्या समय रहते समाधान निकलता है या 1 जून को राजस्थान में पेट्रोल पंप बंद रहेंगे, जिसका असर सीमावर्ती मध्यप्रदेश तक भी देखने को मिल सकता है।

# वीर सावरकर की 143वीं जयंती पर नीमच में गूंजे राष्ट्रभक्ति के नारे, प्रबुद्धजनों ने किया याद

**नीमच।** भारतीय सुभाष सेना एवं सावरकर विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में 28 मई को रेलवे स्टेशन नीमच के समीप स्थित प्रतिमा स्थल पर स्वाधीनता संग्राम के महान नायक वीर सावरकर की 143वीं जयंती गरिमामय तरीके से मनाई गई। कार्यक्रम में शहर के अनेक प्रबुद्धजनों और राष्ट्रभक्तों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों एवं संस्था के पदाधिकारियों द्वारा वीर सावरकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान पूरा परिसर 'वीर सावरकर अमर रहें' और 'भारत माता की जय' के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा। इसके पश्चात शिव मंदिर परिसर में संस्था की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती हेमलता धाकड़ की अध्यक्षता में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



सावरकर विचार मंच के संयोजक एवं भारतीय सुभाष सेना के प्रांतीय मंत्री मधुसूदन परवाल ने वीर सावरकर के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि मुझे व्यक्तिगत रूप से सावरकर जी से आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है, जो मेरे जीवन की अनमोल पूंजी है। म.प्र. भारतीय सुभाष सेना के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश गोयल ने सावरकर द्वारा किए गए राष्ट्रभक्ति के कार्यों का उल्लेख करते हुए देश के प्रति उनके योगदान को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता कृति संस्था के ओमप्रकाश चौधरी ने सावरकर के साहित्य, राजनीति, समाजसेवा और जेल में झेले गए कठोर संघर्षों पर बात की। श्री चौधरी ने कहा कि सावरकर और उनके परिवार द्वारा किया गया त्याग और बलिदान अद्वितीय है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी उनके सम्मान में डाक टिकट जारी किया था। प्रो. आशीष सोनी ने जोर देकर कहा कि आज की युवा पीढ़ी को वीर सावरकर के विचारों, सिद्धांतों और उनके अद्वितीय राष्ट्रप्रेम से अवगत कराना बेहद जरूरी है। इंजी. बाबूलाल गौड ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा संसद भवन में सावरकर जी का चित्र लगाए जाने का स्मरण कराया। दया याचिकाओं (माफीनामों) के भ्रम पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि अंग्रेज क्रांतिकारियों को इसी शर्त पर छोड़ते थे, लेकिन जेल से बाहर आते ही ये वीर पुन: देश की आजादी के आंदोलनों में सक्रिय हो जाते थे।

**एक नजर** — कांग्रेस ने खोला मोर्चा... अब जीतू पटवारी संग मनासा में उतरेगी कांग्रेस

# मनासा में सियासी विस्फोट : राहुल गांधी से लेकर ड्रग्स-रेत माफिया तक...

**नीमच।** मनासा विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक माहौल अब पूरी तरह गरमा गया है। कांग्रेस ने भाजपा विधायक, प्रशासन और पुलिस पर लोकतंत्र दबाने, विपक्ष को कुचलने और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने के गंभीर आरोप लगाते हुए बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। गांधी भवन में आयोजित आक्रामक प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेताओं ने साफ कहा कि अब यह लड़ाई सिर्फ अनुमति की नहीं, बल्कि जनता की आवाज और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई बन चुकी है।

पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा ने आरोप लगाया कि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनीष पोरवाल पर लगातार मुकदमे दर्ज कर उन्हें राजनीतिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। वहीं खिमला पावर प्लांट में मजदूरों की मौत के मामले में न्याय की लड़ाई लड़ने वाले कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं पर भी प्रकरण दर्ज किए गए।

कांग्रेस ने स्थानीय विधायक माधव मारू पर भी सीधा हमला बोला। नेताओं ने आरोप लगाया कि विधायक ने सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के खिलाफ मनासा थाने में आवेदन दिया, जिससे क्षेत्र की राजनीति का स्तर गिरा है। प्रेसवार्ता में मनासा क्षेत्र में बढ़ते भ्रष्टाचार, एमडी ड्रग्स फैक्ट्रियों, अवैध रेत उत्खनन और जमीन घोटालों को भी बड़ा मुद्दा बनाया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पूरे क्षेत्र में अवैध कारोबार खुलेआम चल रहे हैं, लेकिन प्रशासन राजनीतिक दबाव में कार्रवाई नहीं कर रहा।



कांग्रेस नेताओं ने बताया कि इन सभी मुद्दों को लेकर मनासा में आंदोलन और आमसभा प्रस्तावित थी, लेकिन एसडीएम और कलेक्टर स्तर पर चार दिनों तक अनुमति को लेकर लगातार टालमटोल की गई। अंत में धारा 144 का हवाला देकर कार्यक्रम की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया। इसी के विरोध में कांग्रेस ने प्रेसवार्ता कर प्रशासन पर लोकतांत्रिक अधिकार छीनने का आरोप लगाया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने कहा कि भाजपा जनता के गुस्से और कांग्रेस के बढ़ते जनसमर्थन से घबरा गई है। इसलिए प्रशासन का इस्तेमाल कर विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि आने वाले समय में मनासा में बड़ा जनआंदोलन होगा। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की अगुवाई में हजारों कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे और लोकतंत्र दबाने के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी।